# अल्टिवा इक्विटी एक्स-टॉप 100 लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

एडलवाइस म्यूचुअल फंड के Altiva SIF (एडलवाइस म्यूचुअल फंड / EMF / EAMC) ने अल्टिवा विशेषीकृत निवेश कोष (SIF) प्लेटफॉर्म के तहत अपनी दूसरी पेशकश लॉन्च करने की घोषणा की। यह लॉन्च इक्विटी-आधारित विशेष निवेश रणनीतियों में एक रणनीतिक विस्तार को दर्शाता है। नया फंड,अल्टिवा इक्विटी एक्स-टॉप 100 लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच, इक्विटी और इक्विटी-संबंधित इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि प्रदान करने के उद्देश्य से




तैयार किया गया है। इसका विशेष फोकस टॉप 100 कंपनियों से बाहर के अवसरों पर रहेगा। न्यू फंड ऑफर (NFO) 18 मई 2026 को खुलेगा और 1 जून को बंद होगा। ऑफर अवधि के दौरान यूनिट्स की कीमत 10 प्रति यूनिट होगी।

अल्टिवा इक्विटी एक्स-टॉप 100 लॉन्ग-शॉर्ट फंड लांच एक अनूठी रणनीति अपनाता है, जिसमें मार्केट कैपिटलाइजेशन के आधार पर टॉप 100 कंपनियों से बाहर की कंपनियों पर फोकस किया जाएगा। इससे निवेशकों को बाजार के व्यापक और संभावित रूप से कम रिसर्च किए गए हिस्से तक पहुंच मिलेगी। यह रणनीति बॉटम-अप स्टॉक चयन को लॉन्ग और सीमित शॉर्ट पोजिशन लेने की लचीलापन के साथ जोड़ती है, जिसमें डेरिवेटिव्स का उपयोग भी शामिल हो सकता है, ताकि विभिन्न मार्केट साइकिल्स में प्रभावी ढंग से निवेश किया जा सके।